किसानों की मेहनत पर ओले की मार

ग्रामीण क्षेत्रों में पानी और ओलावृष्टि से फसलें खेत में बिछ गईं, चिंतित किसानों ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

बीना 22 मार्च. तेज बारिश के साथ मौसम ने अचानक करवट ली. ओलावृष्टि से अन्नदाताओं के चेहरों पर चिंताओ की लकीरें स्पष्ट देखी गई, बीना मंडीबामोरा क्षेत्र सेमरखेड़ी निवोदा, बेरखेड़ी माफी सहित अनेक ग्रामों में फसल हुई आड़ी,दाने बिखरे हुए हैं.

खेतों से सड़कों तक बिछी ओलो की सफेद चादर, खून पसीने की मेहनत पर ओले पानी की मार,कुछ ही मिनटों में खेतों से लेकर सड़कों तक बर्फ की सफेद चादर बिछ गई. प्रकृति के इस उग्र रूप ने किसानों के साल भर के अरमानों को चकनाचूर कर दिया है. खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल वर्तमान में खेतों में गेहूं,चना और सरसों की फसलें पूरी तरह पककर तैयार थीं. कई जगह कटाई का काम शुरू हो चुका था, लेकिन इस बेमौसम मार ने ओलों की चोट से गेहूं की बालियां टूटकर जमीन पर गिर पड़ी. खबर लगते ही विधायक निर्मला सप्रे मंडी बामोरा क्षेत्र उन स्थलों पर पहुंची जहां पर किसी अन्नदाताओं की फैसले चौपट हो गई. उन्होंने तुरंत फोन पर बात कर शीघ्र सर्वे करा कर मुआवजा देने की बात रखी. किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर, सीताराम ठाकुर अपनी टीम के साथ भी खेतों में पहुंचे और शासन से सर्वे कराकर अन्नदाताओं को मुआवजा देने की मांग की. किसानों का कहना है इससे आने वाली फसल पर काफी असर पड़ेगा फसलों के कलर बदलने से इसकी कीमतों पर भी असर पड़ेगा.

> ओलों का आकार बड़ा था. गांवों में ओलों का आकार इतना बड़ा था कि कुछ ही मिनटों में खेतों से लेकर सड़कों तक बर्फ की सफेद चादर बिछ गई. प्रकृति के इस उग्र रूप ने किसानों के साल भर के अरमानों को चकनाचूर कर दिया है. खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल वर्तमान में खेतों में गेहूं, चना और सरसों की फसलें पूरी तरह पककर तैयार थीं. कई जगह कटाई का काम शुरू हो चुका था, लेकिन इस बेमौसम मार ने ओलों की चोट से गेहूं की बालियां टूटकर जमीन पर गिर गईं. चने और सरसों का नुकसान चने के झाड़ उखड़ गए और सरसों की फलियां झड़ जाने से दाना पूरी तरह बर्बाद हो गया.

बैटरी चोर गिरफ्तार

सागर. मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आटो से बैटरी एवं स्टेपनी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश बंजारे निवासी नई गल्लामंडी खुरई रोड ने थाना मोतीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्रतिदिन की तरह ऑटो चलाकर रात करीब 10.30 बजे घर आया और ऑटो को घर के नीचे रोड पर खड़ा कर दिया. अगले दिन सुबह देखा तो ऑटो में लगी राईड कंपनी की बैटरी एवं स्टेपनी गायब थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया. पुलिस ने संदेही हन्नी उर्फ कल्लू चौरसिया, निवासी रामपुरा विजय टॉकीज चौराहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. आरोपी ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया. आरोपी के कब्जे से चोरी गई बैटरी एवं स्टेपनी, कीमती 8 हजार जप्त की गई.

ईदगाह में नमाज के बाद दी मुबारकबाद

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. पवित्र रमजान माह के समापन के बाद मनाए जाने वाले ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया.

जानकारी के अनुसार मोतीनगर स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई, जहां मुफ्ती तारिक अनवर साहब की मौजूदगी में नमाज संपन्न हुई. नमाज के लिए सुबह से ही लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचने लगे थे. नमाज के बाद शहर और देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं. नमाज अदा होने के बाद लोगों ने मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया. इसी प्रकार सदर भैंसा ईदगाह में भी नमाज अदा की गई. जहां मुफ्ती जावेद रजा कादरी मिस्बाही की मौजूदगी में नमाज अदा की गई.

> ईद के मौके पर शहर के विभिन्न इलाकों में खास रौनक देखने को मिली. बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल बनी रही, मिठाइयों, सेवइयों और खास व्यंजनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही. घर-घर में सेवइयां और लजीज पकवान बनाए गए और मेहमानों का स्वागत किया गया. मोतीनगर कब्रिस्तान तंजीम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान पप्पू पहलवान ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार हमें आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें सब्र, त्याग और जरूरतमंदों की मदद करना सिखाता है, और ईद उसी का इनाम है. हम सभी को चाहिए कि इस मौके पर आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहें और समाज में एकता व सौहार्द को मजबूत करें. प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा, जिससे नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. नगर निगम द्वारा साफ-सफाई और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की गई थी.

जल संवर्धन अभियान प्रारंभ

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हो रही है.

लाखा बंजारा झील के चकराघाट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया. जल शक्ति नव भक्ति कार्यक्रम जल स्वच्छता, संरक्षण, जागरूकता कार्यक्रम का संदेश चकराघाट पर मानव श्रृंखला, जल ही जीवन है जल है तो कल है बिन जल सब सून के जय घोष के आयोजित किया गया. इसके साथ साथ चकरा घाट पर उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण हेतु जागरूक किया. जिला समन्वयक के के मिश्रा द्वारा उद्बोधन छात्रों से जल संवाद किया गया. जल के प्रति संवेदनशील होकर उसके उपयोग और भविष्य में होने वाले जल वर्षा को संरक्षण कर नदी, तालाब, बाबडी को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया.

पुस्तक गणवेश मेला

सागर. कलेक्टर संदीप जी.आर की पहल पर नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में क्रय किए जाने वाली पुस्तकें, स्टेशनरी यूनिफार्म, शूज इत्यादि उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने हेतु पुस्तक मेले का आयोजन महारानी लक्ष्मी विद्यालय क्रमांक 1 में 23 मार्च सोमवार से आरंभ होगा. मेला 23 मार्च से 28 मार्च तक दोपहर 3.30 से रात्रि 7.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा. ज्ञातव्य है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 दिनांक 1 अप्रैल से प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रारंभ हो रहा है.

क्षीरधारा योजना में 52 ग्राम चयनित

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है. इसके क्रियान्वयन के लिए सभी प्राथमिकता के साथ कार्य करें. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर ने दिए.

जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित क्षीर धारा योजना के अंतर्गत जिले के 52 ग्रामों का चयन किया. चयनित ग्रामों को विकसित कर क्षीर धारा ग्राम के रूप में स्थापित किया है.

कलेक्टर संदीप जी .आर ने बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत जिले के 52 चयनित ग्रामों में पशुओं की नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, संतुलित पशु आहार एवं पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. साथ ही पशुपालकों को आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि हो सके. योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है, इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाएगा. योजना के अंतर्गत जिले के सभी 52 ग्रामों को चरणबद्ध तरीके से आगामी 3 वर्षों में क्षीर धारा ग्राम के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उपलब्धि के आधार पर ग्रामों का वर्गीकरण किया जाएगा, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि वाले ग्रामों को प्रथम श्रेणी, 50 से 70 प्रतिशत उपलब्धि वाले ग्रामों को द्वितीय श्रेणी तथा 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले ग्रामों को तृतीय श्रेणी में रखा जाएगा. प्रथम वर्ष की कार्य योजना में चयनित ग्रामों में पशुओं का उच्च नस्ल से गर्भधारण, शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं ट्रैगिंग का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है.

नवरात्रि पर किया कन्या पूजन

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. नवरात्रि पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सपरिवार कन्या पूजन, कन्या भोज का आयोजन किया.

कार्यक्रम में मंत्री श्री राजपूत की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत, पुत्र आकाश सिंह राजपूत सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान मंत्री श्री राजपूत ने सभी कन्याओं को उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है.

पक्का बिल उपभोक्ता के लिए सुरक्षा का कवच

नवभारत न्यूज

खुरई 22 मार्च. स्वर्गीय बृज किशोर पटैरिया की स्मृति में बीकेपी मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया गया.

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस सेंटर के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और अब छोटी-छोटी बीमारियों की जांच एवं उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा. आधुनिक तकनीक आधारित जांच सुविधाएं अब मालथौन में ही उपलब्ध होंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी. श्री सिंह ने कहा कि आजकल बाजार में नकली दवाइयों का खतरा रहता है, इसलिए हमेशा विश्वसनीय मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां खरीदनी चाहिए और पक्का बिल अवश्य लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि पक्का बिल उपभोक्ता के लिए सुरक्षा कवच के समान है और इससे गलत दवा मिलने की संभावना कम हो जाती है. संचालक अंकित पटैरिया तथा डॉ. आशीष पटैरिया ने स्वागत भाषण दिया. इस दौरान दुर्ग सिंह परिहार, दिनेश पटैरिया, जयंत सिंह बुंदेला, गिरीश पटैरिया, रामकुमार बघेल, अखलेश पटैरिया, रावराजा राजपूत मौजूद थे.

इंटीग्रेटेड योग शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर में योगाचार्य भगत सिंह द्वारा आमजन को जीवनशैली जनित रोगों का मार्गदर्शन दिया गया.

शिविर में प्रतिभागियों को योगिंग-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ योग शिक्षक एस. वाजपेई, रमेश चौधरी, रामस्वरूप जायसवाल, रघुराज सेन, सुनील पॉल, शैलेन्द्र साहू, सुरेश रैकवार, गौरी शंकर साहू, वनमाली सिंह राजपूत, रामकिशन सेन, प्रमोद गुप्ता, शालिनी गुप्ता, मनोज जैन मौजूद थे.

एकता व राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाएं

नवभारत न्यूज

रहली 22 मार्च. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकली सरदार पटेल एकता रथ यात्रा का स्वागत हुआ.

गुजरात के अहमदाबाद से प्रारंभ हुई यह यात्रा, अखिल भारतीय कुर्मी पाटीदार महासभा के नेतृत्व में मप्र के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए एकता, सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक समरसता का संदेश फैला रही है. यात्रा में लौह पुरुष सरदार पटेल की चरण पादुकाएं एवं जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक सामग्रियाँ सम्मिलित हैं. राजीव मंच पर रथ का स्वागत किया. जहाँ सरदार के आदर्शों पर चर्चा एवं एकजुटता की मिशाल पेश की गई. कार्यक्रम में सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में इंजी ज्योति पटेल, एड. बीडी पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पटेल, गोविंद पटेल, उदयभान पटेल, काशीराम पटेल, कंछेदी पटेल, रमेश पटेल, रविंद्र लोधी, बिहारी कुशवाहा, आशीष जैन, साधुराम अहिरवार, नारायण पटेल, केदार पटेल, पप्पू जैन साधुराम अहिरवार, नंदराम प्रजापति, महेश पाल मौजूद थे.

सचिव के बिना चल रही पंचायत

नवभारत न्यूज

गौरझामर 22 मार्च. देवरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गुगवारा मे खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है. गौरझामर सर्किल की नजदीकी ग्राम पंचायत गुगवारा मप्र में डबल इंजन की सरकार होने के बापजूद विगत तीन सालों से एक रोजगार सहायक के द्वारा संचालित हो रही है.

मिली जानकारी के अनुसार बता दें की इस पंचायत में सचिव के पद पर नारायण सिह ठाकुर पदस्थ थे जो विगत तीन साल पहले रिटायर हो चुके है. उनके रिक्त पद की विभागीय लापरवाही व मनमानी के चलते शासन व्दारा अभी तक भरपाई नही की जा सकी है. परिणाम स्वरुप सचिव के अभाव में इसका सीधा असर पंचायत के शासकीय व विभागीय कार्यो पर पड़ रहा है. पंचायत के अनेकों कामो को लेकर ग्रामवासियो को परेशान होना पड़ रहा है. तीन सालों से ग्राम पंचायत की मासिक बैठकों व ग्राम सभाओं को एकमात्र एक रोजगार सहायक ही निपटा रहा है. ग्राम पंचायत के सदस्यों व नागरिको ने गुगवारा सचिव का खाली पद शासन से शीघ्र भरने की मांग की है.

ईद उल फितर पर ईदगाह में अदा की गई नमाज

नवभारत न्यूज

बंडा 22 मार्च. पवित्र रमजान माह में मुस्लिम समाज के अनुयायियों ने पूरी शिद्दत के साथ रोजे रखकर एवं तरावीह पढ़कर अल्लाह की इबादत की तथा कुरान की तिलावत की.

ईद के अवसर पर बंडा नगर स्थित ईदगाह पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना बिलाल कुरैशी साहब, तीन शेड पर मौलाना एजाज अहमद साहब ने ईद की नमाज अदा कराई तथा नगर एवं मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई. इस अवसर पर ईदगाह पर नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले, पेश इमाम हाफिज शाहरुख, हाफिज फुरकान, मुअज्जिन शेख शहवाज, मायूस सागरी, शहीद खान, शोएब सिद्दीकी, सलीम खान, मोहम्मद फिरदोश, इस्लाम पठान, अनीश कुरैशी, गुलाम भाई, नासिर खान, राजा खान, इरशाद भाई, युनुस मासाब, नस्सू खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

रहली. ईद-उल-फितर के अवसर पर रहली के ईदगाह एवं मस्जिद में पहुंच कर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी. इस अवसर पर सभी ने मिलकर नमाज पढ़ी और खुशहाली, अमन और बरकत की दुआ की गई एवं आपसी भाईचारा और मोहब्बत और मजबूत होने की कामना की. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, मंडल अध्यक्ष महेश यादव, पार्षद अमित नायक, अंकेश हजारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेरिया, रत्नेश पटेल, प्रमोद नायक, प्रकाश गुप्ता, इसरार खान, आजाद खान, सलमान खान, आमिर खान, शरीफ खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

> **राहतगढ़.** नगर में ईद उल फितर का पर्व परंपरागत तरीके एवं अकीदत के साथ मनाया गया. इस दौरान ईद की नमाज ईदगाह पर मुफ्ती इनाम उलहक ने अदा कराई. वहीं जामा मस्जिद में कारी मोहम्मद रिजवान एवं मंडी मरकज मस्जिद में मौलाना मोहम्मद अतीक ने ईद की नमाज अदा कराई. नमाज के बाद देश में अमन चैन भाईचारे व खुशहाली की दुआ की गई. नमाज के बाद सभी मुस्लिम समाज बंधुओं ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और मीठी सिवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया गया. ईद के त्यौहार पर खासी रौनक बनी रही और पुरखुलूस उत्साह व परंपरा के साथ लोगों ने ईद का पर्व मनाया. साथ ही ईदगाह कमेटी द्वारा ईदगाह पर व्यवस्थाएं रखी गईं, प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद रही.

ब्लॉक स्तरीय कमेटी गठित

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को रुद्राक्ष धाम में आयोजित क्षत्रिय समाज सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति ने सर्वसम्मति से ब्लाक स्तरीय समिति गठित की हैं, जिन्हें सम्मेलन हेतु धनसंग्रह गरीब परिवार की कन्याओं के आवेदन लेने और चयन का दायित्व सौंपा गया है.

पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री सिंह की उपस्थिति में क्षत्रिय समाज सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति ने विचार विमर्श किया. तदोपरांत विवाह सम्मेलन के लिये धन संग्रह, गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह हेतु आवेदन प्राप्त करने और पात्र परिवारों का चयन करने के लिए सागर जिले के 11 में से 9 ब्लाक में कमेटी गठित की गई हैं. शाहगढ़ और केसली ब्लाक की कमेटी का गठन एक दो दिन में कर दिया जायेगा.

> बैठक में आयोजन समिति ने सर्वसम्मति से तय किया कि विवाह हेतु समाज की कन्याओं का चयन जिले से ही किया जाएगा, जिनके लिए गरीबी रेखा कार्ड की जगह वास्तविक गरीब होना ही मापदंड है. धन संग्रह के लिए अंतिम तिथि 5 अप्रेल रखी गई है. कन्याओं के सामूहिक विवाह में आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना आवश्यक है. आवेदन 6 से 10 अप्रैल तक लिये जाएंगे, जिला स्तरीय आयोजन समिति की अगली बैठक 6 अप्रैल को होगी. कमेटी में डॉ. पीएस ठाकुर, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जितेन्द्र सिंह, बलबंत सिंह, इंद्राज सिंह, विजय सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह आदि शामिल है.

मां हिंगलाज देवी मंदिर में होती मनोकामना पूरी

नवभारत न्यूज

सागर 22 मार्च. नेशनल हाइवे फोरलेन 44 पर बांदरी के निकट स्थित मेहर में धसान-कढ़ान नदी के पावन तट पर अति प्राचीन मां हिंगलाज देवी का मंदिर स्थित है. वैसे तो यहां पूरे साल भक्त दर्शनार्थ आते हैं पर नवरात्र के दौरान मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है यहाँ दूर-दूर से श्रृद्धालू दर्शन करने के लिए आते हैं.

कहा जाता है कि मंदिर के पास एक रहस्मयी गुफा है जिसका गुप्त मार्ग गढ़पहरा स्थित अनगढ़ देवी तक जाता है. मंदिर जुड़ी प्रचीन किवदंति के अनुसार मेहर के मां हिंगलाजदेवी मंदिर में अज्ञातवास के दौरान पांडव आए थे. इस मंदिर में मां हिंगलाज देवी के अलावा भगवान शिव, बारह ज्योर्तिलिंग, काल भैरव, रामदरबार, प्राचीन शिवलिंग भी है. बताते हैं कि इस शिवलिंग की स्थापना अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने की थी, मां के दर्शनों के पहले भक्त कालभैरव के दर्शन करते हैं. ऐंसा कहा जाता है कि बरसात के दिनों में एक सुराग से स्वयं धसान-कढ़ान नदी गुप्तेश्वर महादेव का अभिषेक करने आती हैं. मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में बारह ज्योर्तिलिंग की भी स्थापना की गई थी जिनके दर्शन कर भक्त धन्य हो जाते हैं 400 चार सौ साल पुराने इस मंदिर प्रांगण में पीपल, बरगद, बेलपत्र के पेड़ लगे हुए हैं जो वातावरण को बढ़ा कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं. माँ हिंगलाज देवी के दरबार में भक्त अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए लाल कपड़े में नरियल बांधकर रखते हैं, कष्टों से मुक्ति पाने के लिए माँ को नीबू की माला पहनाते हैं. मंदिर पुजारी द्वारा माँ हिंगलाज देवी का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाता है.

जल दिवस पर कार्यक्रम

ललितपुर. विश्व जल दिवस पर प्राचीन मानसरोवर तालाब परिसर में वृहद सफाई अभियान का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ. इस अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जल चौपाल का भी आयोजन किया गया. नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए हमें हर स्तर पर जल स्रोतों को बचाने और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए. जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने कहा कि छोटे-छोटे जल स्रोत जैसे तालाब और कुएं ही भूजल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

संसार के मायाजाल से निकले बगैर कल्याण नहीं

नवभारत न्यूज

ललितपुर 22 मार्च. अभिनंदनोदय तीर्थ में निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर महाराज ने कहा संसार से निकलो यह मायाजाल है, कर्म कहता है कि मैं तुम्हें मोक्ष नहीं जाने दूंगा जबकि आत्मा कहती मैं कर्म को त्योगो आत्मा का कल्याण निश्चित है.

मुनिश्री ने कहा जिसने कल तक पाप किया यह मत समझो वह आगे भी करेगा जो आज है वह कल भी रहेगा. पाप जितना पुराना हो उतना जल्दी नाश होने वाला है और ही फूटेगा जबकि अच्छाई जितनी पुरानी हो भंडार करेगी और सुख शांति का मार्ग प्रशस्त करेगी. आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद ग्रहण किया जिनको दिगम्बर जैन पंचायत समिति द्वारा मार्त्यापण कर सम्मानित किया गए. ब्रहमचारी अन्नू भैया के संचालन में मुनिश्री की संगीतमय पूजन का पुर्याजन प्रतिभास्थली मंडल, नन्दा सुनंदा महिला मंडल, सुधा कलश भक्ताम्मर मंडल, आदर्श महिला मण्डल ने संरक्षक अनीता मोदी के संयोजन में भक्ति पूर्वक कर अर्घ समर्पित किए. श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के निर्देशक अरूण शास्त्री, आलोक शास्त्री, संजीव शास्त्री ने मुनि श्री से आशीर्वाद ग्रहण किया. इसके पूर्व मुनि श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा का श्रावकों ने पुण्यर्जन किया. मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहरचर्या का पुण्यार्जक सुनील समैया नीलेश समैया परिवार को मिला जहाँ श्रावकों ने आहारदान का सौभाग्य अर्जित किया. संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया. इस मौके पर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, मंदिर प्रबंधक पंकज जैन, अशोक जैन, प्रतीक इमलिया, राकेश जैन मौजूद थे.

ओपन ट्रायल्स 25 को

सागर. मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बीसीसीआई सत्र 2026-27 के लिए बालिका अंडर-15 वर्ग की टीम चयन हेतु ओपन ट्रायल्स का आयोजन किया जा रहा है. यह ट्रायल्स 25 एवं 26 मार्च को आयोजित होंगे. ट्रायल्स के पहले दिन खिलाड़ियों को प्रात: 10 बजे रिपोर्ट करना होगा. दूरस्थ स्थानों से आने वाली खिलाड़ियों के लिए थोड़ी देरी की अनुमति दी जाएगी, पहले दिन के प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को ही दूसरे दिन उपस्थित होने का अवसर मिलेगा. सभी खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि ट्रायल्स में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार काट टीए/डीए या आवास सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी.